# मतदाता जागरूकता हेतु जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी गठित

**नवभारत ब्यूरो | बालोद.**
www.navbharat.news

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आदेश जारी कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता प्राप्त करने तथा स्वीप कार्ययोजना के तहत् मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय कोर कमेटी का गठन किया है. जारी समिति में सदस्य के रूप में जिपं सीईओ डॉ रेणुका श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक एलके गवेल, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक नदीम काजी, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल, जिला साक्षरता नोडल अधिकारी आरएस साहू, जिला जनसम्पर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर, रासेयो की जिला संगठक लीना साहू, महाविद्यालय प्राचार्य जेआर खलखो, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसके मंडल, जिला शहरी विकास अभिकरण रोहित साहू, ईएलसी नोडल अधिकारी अरूण कुमार साहू, कौशल विकास सहायक संचालक विकास देशमुख, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर इन्द्रजीत सेन और हिरमोतिन निषाद शामिल है.

मतदाता जागरूकता

# जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी गठित की गई

बालोद @ पत्रिका . कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने जिला स्तरीय कोर कमेटी का गठन किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह समिति के अध्यक्ष होंगे। समिति में सदस्य जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव, शासकीय महाविद्यालय बालोद के सहायक प्राध्यापक एलके गवेल, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक नदीम काजी, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल, जिला साक्षरता नोडल अधिकारी आरएस साहू, जिला जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर, राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठक लीना साहू, अग्रणी महाविद्यालय बालोद के प्राचार्य जेआर खलखो, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके मंडल, जिला शहरी विकास अभिकरण के रोहित साहू, प्राचार्य एवं जिला स्तरीय ईएलसी नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स अरुण कुमार साहू, कौशल विकास के सहायक संचालक विकास देशमुख, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सोशल मीडिया प्रभारी इन्द्रजीत सेन और हिरमोतिन निषाद है।